**दिनांक : 31/03/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में 19 हजार आठ सौ छह करोड़ रुपये से अधिक के विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।
- वाराणसी में आज आयोजित किया जाएगा एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव करेंगे सहभागिता।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां जारी। इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में 10 अप्रैल से शुरू होगी खरीदी।
- प्रदेश में कल से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान। शाला स्तर पर आयोजित होंगे प्रवेश उत्सव।
-

अब समाचार विस्तार सेः-

**प्रधानमंत्री-गुजरात दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी, वाव-थारद में 19 हजार आठ सौ छह करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री विद्युत, सड़क, परिवहन और राजमार्ग तथा रेल मंत्रालयों की 10 हजार नौ सौ 21 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। वे गुजरात सरकार के शहरी विकास, जल संसाधन, जल आपूर्ति, सड़क और भवन, शहरी विकास परियोजना, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, पर्यटन और जनजातीय विकास विभाग की 8 हजार आठ सौ 86 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

**अमित शाह उग्रवाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वामपंथी उग्रवाद ने प्रभावित क्षेत्रों में विकास को बाधित किया था, लेकिन अब नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्व में इन क्षेत्रों में विकास पहुंच रहा है। गृहमंत्री लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। श्री शाह ने कहा कि 2024 से मार्च 2026 तक मुठभेड़ों में 706 नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि 2218 नक्सलियों को हिरासत में लिया गया और 4839 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है।

श्री शाह ने देश में वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने के अभियान में शामिल अर्धसैनिक बलों, पुलिस और लोगों के प्रयासों की सराहना की।

**एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन**

वाराणसी में आज “एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026” आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भी इसमें सहभागिता करेंगे। इस दौरान वे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भ्रमण भी करेंगे। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन के मुख्य सत्र में निवेश, औद्योगिक सहयोग और ओडीओपी आधारित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित चर्चा होगी, जहां मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, अधोसंरचना और प्रोत्साहन तंत्र को प्रस्तुत किया जाएगा। इसी सत्र में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्रों में सहयोग को औपचारिक रूप दिया जाएगा। ओडीओपी उत्पादों का आदान-प्रदान स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आएगा।

**युवा विधायक सम्मेलन**

भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों का सम्मेलन का आज संपन्न होगा। सम्मेलन के समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मुख्य अतिथि होंगे। आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष रमन सिंह भी इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। युवा विधायक सम्मेलन का समापन होने के बाद विधायक गण उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन करने जाएंगे। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया था। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष मौजूद थे।

**डिजिटल गवर्नेंस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश के देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे सद्प्रयासों को अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह उपलब्धि सुशासन, पारदर्शिता, जनहितैषी और नागरिक-केंद्रित नीतियों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन के मानकों के अनुसार यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 1,752 ई-सेवाओं के साथ डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल होकर पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है कि प्रदेश में 59 अनिवार्य सेवाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है।

**स्कूल चलें अभियान**

प्रदेश में कल से "स्कूल चलें हम" अभियान शुरू हो रहा है यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में प्रतिदिन शासकीय शालाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। वहीं जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित स्कूलों में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

आपको बता दें कि प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सैकेण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

**महावीर जयंती**

समूचे देश में आज जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है। आज के दिन भगवान महावीर की विशेष प्रार्थना की जाती है और रथयात्रा निकाली जाती है। यह पर्व करूणा, संयम और सत्य के व्रत का पालन करने का संदेश देता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती के अवसर पर समस्त देशवासियों और विशेषतौर पर जैन समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर के पांच सिद्धांत-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह-जीवन में सत्य पथ चलने के लिए प्रेरित करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर नागरिक अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रदेश में कल भी महावीर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। कल 8 जिलों में ओले गिरे, जबकि भोपाल, रायसेन सहित 20 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश का दौर चला। कुछ शहरों में गर्मी भी रही। नर्मदापुरम और खजुराहो में तो पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। आज भी मिला-जुला मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में गरज चमक के साथ बौछारे पड़ सकती है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :-**

- आगरमालवा जिले में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पचेटी, देवली, निपानिया बैजनाथ और बेटखेड़ा में आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- कृषक कल्याण वर्ष 2026 अन्तर्गत डिंडोरी में कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किया गया।
- झाबुआ जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कल से शुरू हुआ। जो 2 अप्रैल तक चलेगा।
- गुना नगर पालिका का 2 अरब 98 करोड़ का बजट पेश किया गया। इसमें कोई नया कर नहीं लगाया गया है।
- बैतूल जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लागू है आदेश का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- नीमच जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की शालाओं, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को पेयजल गुणवत्ता जांच के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

-------------